तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 12 अक्टूबर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 चोरी के आरोप में युवकों का मोटर पंप व पाइप लेकर निकाला जुलूस



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## परिजन ने स्कूल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा की पीलिया से मौत, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढने वाली कक्षा सातवीं के छात्रा की पीलिया से मौत का मामला सामने आया है। छात्रा के मौत के बाद परिजन व ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही और दूषित पानी के उपयोग का आरोप लगाया है और मामले में कार्रवाई की मांग की है। इधर स्कूल शिक्षा विभाग ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बच्ची की तबीयत घर में खराब हुई थी। फिलहाल इस घटना के बाद शोक का माहौल है।

**खास बात**
- दूषित पेयजल से बिगड़ी स्थिति

बताया जा रहा है कि विकासखंड के रघुनाथनगर अंतर्गत रहने वाली छात्रा अंजनी जायसवाल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 7वीं की छात्रा थी। पिछले कुछ दिनों से छात्रा की तबीयत खराब थी और जब परिजन ने उसकी जांच कराई तो 5 अक्टूबर को बच्ची में पीलिया की पुष्टि हुई थी। पीलिया से ग्रसित बच्ची का उपचार परिजन करा रहे थे। पहले उसे अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर मिशन अस्पताल में उसका उपचार चला। मिशन अस्पताल से छात्रा को रायपुर रिफर किया गया था जिसके बाद परिजन छात्रा को लेकर रायपुर जा रहे थे लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले ही छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की पीलिया से मौत के बाद परिजन सदमे में है जबकि गांव में शोक का माहौल है। बता दें कि रघुनाथनगर स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों के पीलिया से संक्रमित होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी स्कूल में बड़ी संख्या में बच्चों के पीलिया से संक्रमित होने की बात सामने आई थी लेकिन इस दौरान स्कूल प्रबंधन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने इस बात से इनकार किया था लेकिन अब पीलिया से बच्ची की मौत के बाद सवाल खड़े हो गए है।



विलाप करते परिजन।

### स्कूल में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है इसके साथ ही लोग आक्रोशित है। लोगों का कहना है कि स्कूल शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। इसके पूर्व भी स्कूल में पीलिया के मामले आए और मृतिका छात्रा की छोटी बहन सहित अन्य बच्चे भी संक्रमित हुए थे लेकिन उपचार से उनकी तबीयत ठीक हो गई थी। पूर्व में शिकायत करने पर स्कूल प्रबंधन ने एक शिक्षक को निकाल दिया लेकिन शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई। बच्ची की मौत स्कूल प्रबंधन व अधिकारियों की लापरवाही से हुई है और अभी भी स्कूल से जुड़े कई बच्चे पीलिया से संक्रमित है। उन्होंने इस मामले में जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी की है।

### घर में बिगड़ी बच्ची की तबीयत

इधर इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि बच्ची की मौत को स्कूल की लापरवाही से जोड़ना सही नहीं है। स्कूल में 27 सितम्बर से छुट्टी है। छात्रा की तबीयत 3 अक्टूबर को घर में खराब हुई थी। 5 अक्टूबर को परिजन छात्रा को लेकर वाड्रफनगर अस्पताल गये थे जहां बच्ची में पीलिया की पुष्टि हुई लेकिन परिजन उसे लेकर घर चले गए। 8 अक्टूबर को पुनः छात्रा को अस्पताल लाया गया जहां पीलिया की पुष्टि होने के बाद अंबिकापुर के निजी अस्पताल शिशु मंगलम में दिन के समय भर्ती कराया गया था और रात को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिशन अस्पताल से बच्ची को रायपुर रिफर किया गया था और रायपुर जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हुई है।

### स्कूल में खराब नहीं हुई तबीयत

बच्ची की तबीयत घर में खराब हुई है। स्कूल में 27 सितम्बर से छुट्टी है। बच्ची में पीलिया की पुष्टि होने के बाद परिजन घर में रखकर उसका उपचार करा रहे थे। बाद में उसे अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे रायपुर रिफर किया गया था। बच्ची की तबीयत स्कूल में खराब नहीं हुई है।

-मनीराम यादव
डीईओ

### दिए है जांच के निर्देश

घटना की जानकारी मिली है। इस मामले में जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद ही वस्तु स्थिति का पता चल सकेगा।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर आज

**अम्बिकापुर।** आयुष विभाग द्वारा रविवार को पुराने कमिश्नर कार्यालय के निकट गुरूनानक चौक पर जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.शशिकला जायसवाल ने बताया कि शिविर में वात ब्याधि, साइटिका, पक्षाघात, उदर रोग, कास, अर्श स्त्री रोग सहित अन्य जटिल रोगों की निःशुल्क जांच एवं उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। शिविर प्रभारी डॉ.सुनील मंदिलवार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक सर्दी में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय, ऋतुचर्या एवं खानपान से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान करेंगे।

### चोरों ने घर के आंगन से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** तुर्रापानी निवासी शनि राम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 9 अक्टूबर को वह शाम के समय बाजार से सब्जी लेकर घर आया और बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 7065 को घर के आंगन में खड़ा कर दिया था। दूसरे दिन सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला।

www.ilshospitals.com
25 Years in Eastern India
ILS HOSPITALS
हृदय रोग विशेषज्ञ परामर्श सुविधाएं अब अंबिकापुर शहर में
अगर आपको इनमें से कोई लक्षण हो तो मिलें:
• सीने में दर्द हो
• छाती में बहुत घुड़घुड़ होती हो
• हृदयगति बहुत कम हो तो
• हृदयगति बहुत ज्यादा हो तो
• हृदयगति / हृदय धड़कने में अनियमितता हो तो
• चक्कर आते हों, या आंखों के सामने अंधेरा छा जाता हो
• SVT यह रोग डायग्नोज़ (diagnose) हुआ हो तो
• किसी को EP study and RF Ablation यह advice की हो तो
• पेसमेकर एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी की एडवाइस की गयी हो




डॉ. जावेद परवेज
MBBS, MD, DM (Cardiology),
Post Doctoral Fellowship in Cardio Electro Physiology
कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट
शमसुद्दोहा हॉस्पिटल, अंबिकापुर
12 अक्टूबर 2025 दोपहर 3:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक
0771- 488 8000
*पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है- 7014758991
ILS CARE RAIPUR 0771 488 8000 Pachpedi Naka, Raipur
मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चेन | अत्याधुनिक मूल सुविधाएँ
60K+ मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार |
24X7 इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर


APPROVED BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
ब्याज दरें नीचे, मुनाफ़ा ऊपर
कम ब्याज दर पर, होम लोन हुआ अब पहले से भी आसान
7 Wonder City



प्लॉट अब 8% पर नहीं
2.99%* ब्याज दर पर
बैंक फायनेंस द्वारा 10 सालों की आसान किश्तों में
ब्याज का अतिरिक्त भार 5.01% अब हमारा है
*Terms & Conditions Apply

प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप

7 वंडर सिटी | 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 30% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only
साइट विज़िट के लिए स्कैन करें
वर्तमान मे ब्याज दर स्टैंडर्ड सिबिल स्कोर में 8% है उसके अनुसार 5.01% की ब्याज दर हमारे द्वारा 10 वर्ष के लिए वहन किया जाएगा, ब्याज दर 8% से बढ़ने पर, अतरिक्त ब्याज दर कि राशी का भुगतान क्रेता करेगा।
Embassy

## खबर संक्षेप



### बड़सरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**भैयाथान।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ग्राम बड़सरा में पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम मंदिर से हुआ, जहां से पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्र निष्ठा का परिचय देते हुए ग्राम के प्रमुख मार्ग गोस्वामीपारा, साहूपारा से होते हुए पुनः श्री राम मंदिर मैदान तक संचलन किया। मार्ग में महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंदचंद्र पुरी एवं मुख्य वक्ता अमरदीप देवगन रहे। श्री देवगन ने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है। अनुशासन और सेवा के भाव से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। स्वयं सेवकों पंच परिवर्तन अपने परिवार से शुरू करना है। भारत की पहचान उसकी संस्कृति और संस्कारों से है। धर्म जागरण का अर्थ हर व्यक्ति में कर्तव्य भावना को जागृत करना है। इस दौरान स्वयंसेवक संजय गुप्ता अश्वनी देवगन, सुनील साहू, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, सुग्रीव कुशवाहा, कुलदीप सिंह, विजय, सुरेश जायसवाल, शिव पांडेय, रामरूप, ओम प्रकाश, रमेश यादव, परमेश्वर यादव, सौरभ साहू, राजेश साहू, राजेश सिंह, राजेश यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिला जेल में शिविर लगाकर बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**रामानुजगंज।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला जेल रामानुजगंज में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श और उपचार प्रदान करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मानसिक एवं अन्य रोगों से ग्रसित बंदियों की जांच की गई। शिविर में कई बंदियों को मानसिक तनाव, अवसाद एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने हेतु परामर्श दिया गया। विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हुए बताया कि सकारात्मक सोच, नियमित दिनचर्या और चिकित्सा परामर्श से मानसिक समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर बंदियों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाते हुए कार्यक्रम के प्रति संतोष जताया। जेल प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की इस संयुक्त पहल की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. शरद चंद गुप्ता, डॉ. महेश गुप्ता, तोषण साहू एवं रंजिता खलखो सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही। जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक बाल्मीकि ध्रुव, रितेश कुमार पांडेय एवं जेल के अन्य कर्मचारियों ने आयोजन को लेकर सक्रिय रहे।

### सरगुजा के 250 से अधिक विद्युतकर्मियों ने धरना-प्रदर्शन में की भागीदारी

अम्बिकापुर। अपनी मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के बैनर तले शुक्रवार को रायपुर में आमसभा एवं प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में सरगुजा के 250 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने भागीदारी की। धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी ने मांगों के पूरा होने तक क्रमिक आंदोलन जारी रहने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन, संविदा कर्मियों का नियमितिकरण एवं कनिष्ठ यंत्री से सहायक यंत्री की पदोन्नति पूर्व के समान आरक्षण लागू नहीं किया जाता तब तक कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा।





अम्बिकापुर। गोधनपुर शिवशक्ति शाखा द्वारा नगर संघचालक अभय पालोलकर, शाखा कार्यवाह अजय जायसवाल एवं पार्षद शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में संघ से जुड़े स्वयंसेवक शामिल हुए।

## सोशल मीडिया में वायरल हो रहा वीडियो

# चोरी के आरोप में युवकों का मोटर पंप व पाइप लेकर निकाला जुलूस



चोरी के पम्प व पाइप के साथ युवक।

### कुन्दा बलरामपुर की 10-12 नंबर बंद पड़ी खदान में घुसे आधा दर्जन चोरों को घेराबंदी कर सुरक्षा अमले ने पकड़ा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कुमदा सहक्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर 10/12 की बंद पड़ी खदान में केबल चोरी करने की नियत से घुसे आधा दर्जन चोरों को सुरक्षा अमले ने आज शनिवार की शाम को खदान में घेराबंदी कर पकड़ा गया है,इनमें से दो आरोपियों द्वारा कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी पर पत्थरबाजी कर हमला करने का असफल प्रयास भी किया गया है भी,गौरतलब है कि एसईसीएल कुमदा सहक्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर 10/12 बंद खदान में ग्राम कुमदा बस्ती निवासी सितंबर सिंह पिता सोन साय,बल्लू सिंह पिता सहदेव सिंह, दिनेश सिंह पिता हीरा लाल, संजय सिंह पिता अवतार सिंह, विकनी सिंह पिता शोभन सिंह के अलावा ग्राम कसकेला निवासी रवि अगरिया पिता महेंद्र अगरिया शुक्रवार की रात चोरी करने की नियत से खदान के अंदर बिना अनुमति घुस गये थे,शनिवार की सुबह तड़के कोल कर्मचारियों को चोरों के खदान के अंदर होने की भनक लग गई,जिसके बाद से खदान के सभी बाहरी हिस्से के दरवाजों में ताला बंद कर दिया गया,जिससे चोर खदान से बाहर निकल नहीं सके,बताया गया कि आज शनिवार को दिन भर की खदान में सर्चिंग उपरांत सभी छह आरोपियों को देर शाम कम्पनी सुरक्षा अमले ने पकड़ने में सफलता हासिल की है, प्राप्त जानकारी अनुसार शाम को जब क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ने टीम के साथ खदान के अंदर दबिश देकर सभी छह आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था,तब इनमें से दो आरोपियों द्वारा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य कोल कर्मियों पर पत्थर फेंककर मारने का असफल प्रयास किया गया,लेकिन सतर्क रहने के कारण किसी को क्षति नहीं पहुंची है,सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस भी देर शाम खदान परिसर पहुंच गई है,ज्ञात हो कि सीटीओ के अभाव में बलरामपुर 10/12 खदान में पिछले एक अगस्त से कोयला उत्पादन कार्य भी पूर्ण रूप से बंद पड़ा हुआ है, जिससे यहां पर आएदिन चोरों द्वारा बेशकीमती कॉपर केबल व अन्य सामानों के चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- लखनपुर क्षेत्र का मामला

चोरी के आरोप में पकड़े गए दो युवकों को पूरे गांव में चोरी का मोटर पंप और पाइप लेकर जुलूस निकालने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने बाकायदा दोनों युवकों का जुलूस निकाला और गांव में एलान कर चोरी करने की जानकारी भी दी। इस दौरान लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अब इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम बिनकरा में किसान के खेत में सिंचाई के लिए लगे मोटर पंप और पाइप को 6-7 अक्टूबर की दरमियानी रात गांव के ही दो युवकों ने पार कर दिया और चोरी के सामान को ग्राम पुहपुटरा में बिक्री करने के लिए लेकर जा रहे थे। ऐसे में ग्रामीणों ने चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। 8 अक्टूबर को गांव में पंचायत बैठाकर दोनों पर जुर्माना लगाया। युवकों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली लेकिन जुर्माना जमा करने में असमर्थतता जताई। ऐसे में ग्रामीणों ने दोनों युवकों के हाथ में चोरी हुआ मोटर पंप और पाइप थमाकर पूरे गांव में जुलूस निकाल दिया। इस दौरान लाउडस्पीकर में उनके नाम पुकार कर घटना की जानकारी भी दी गई। चौक चौराहों पर मुनादी कराई गई। इस घटना का किसी ने वीडियो भी बना लिया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद दोनों युवकों ने भी थाने में शिकायत की थी। अब इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर पूछताछ की तो दोनों में खुद ही समझौता कर लिया लेकिन चूंकि घटना का वीडियो वायरल हो गया था इसलिए पुलिस ने इस मामले में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी।

**की गई है कार्रवाई**

घटना की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों को थाने में बुलाया गया था, वे समझौता करना चाहते थे। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

## बस से कर रहे थे गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- उड़ीसा से बनारस लेकर जा रहे गांजा



बस से गांजा की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी दो अलग अलग बैग में गांजा भरकर यूपी जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से 4.200 केगी गांजा बरामद किया है। बता दें कि पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया है।

इस बीच पुलिस की मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोरबा से बनारस जाने वाली बस में दो लोग गांजा लेकर जा रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर रात 12.30 बजे वाड्रफनगर चौकी के सामने शिव शक्ति महिंद्रा बस को रोककर उसकी तलाशी ली। तलासी के दौरान बस में दो संदिग्ध युवकों नीतीश चंद्र व दीपक शर्मा के बैग की तलाशी ली गई। युवकों के बैग की तलाशी के दौरान दोनों बैग से कुल 4.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने यूपी के मिर्जापुर राजगढ़ नदीहार निवासी 19 वर्षीय नीतीश चंद आ. प्रकाश चंद व सोनभद्र सुकृत झापड़ी निवासी 24 वर्षीय दीपक शर्मा आ. जयदेव शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने उड़ीसा से गांजा खरीदकर बनारस लेजाकर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से गांजा जब्त करने के साथ ही दोनो को 20 बी एनडपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में वाड्रफनगर चौकी प्रभारी धीरेंद्र तिवारी, सउनि पुष्पराज सिंह, रामजीत राम, आरक्षक अंकित जायसवाल, देव कुमार, राम गोपाल, सैनिक धीरेन तिवारी सक्रिय रहे।

### कुशवाहा ने 26वीं बार किया रक्तदान

**रामानुजगंज।** शिक्षा विभाग से जुड़े विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी सूर्य प्रताप कुशवाहा ने 26वीं बार रक्तदान कर समाज में मानवता और सेवा भाव की मिसाल पेश की है। इस बार उन्होंने अपनी पत्नी के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर मुस्कुराते हुए रक्तदान किया। सूर्य प्रताप कुशवाहा ने बताया कि रक्तदान उनके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना न केवल किसी की जान बचाने का माध्यम है, बल्कि यह आत्मिक संतुष्टि भी देता है। जब आप जानते हैं कि आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है, तो यह एहसास शब्दों से परे होता है। 57 वर्ष की उम्र में भी लगातार सक्रिय रूप से रक्तदान करने वाले कुशवाहा ने युवाओं को भी इस कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मैं 57 की उम्र में बिना किसी परेशानी के रक्तदान कर सकता हूं, तो 20 से 50 वर्ष के लोग तो बिल्कुल सहजता से यह कर सकते हैं। यह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचता, बल्कि स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होता है।



## नशीले इंजेक्शन एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को आज राजपुर में उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने बूढ़ा बगीचा राजपुर के इंजेक्शन विक्रेता सूरज सूरज सोनी और बघिमा शर्मा ढाबा के संचालक अरुण सिंह को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। आज गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की बघिमा स्थित शर्मा ढाबा में अवैध विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है। टीम जब ढाबा पहुंची तो अरुण कुमार सिंह मिले, जो की ढाबा का संचालन मलिक की अनुपस्थिति में करते हैं। ढाबा का मालिक ढाबे में नहीं था। ढाबे की तलाशी लेने पर ढाबे एवं घर से तथा ढाबे में खड़ी इनोवा गाड़ी से 13 नग अंग्रेजी शराब मिला। जिस पर टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अरुण कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि बूढ़ा बगीचा राजपुर में सूरज सोनी अपनी दुकान एवं घर से नशीला इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़न दस्ता टीम रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में सूरज सोनी के घर एवं दुकान में दबिश दी। घर की तलाश में किचन रूम से एक थैली में 53 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सरगुजा संभाग को नशीले इंजेक्शन एवं तमाम नशा से मुक्त करने की दिशा में अथक प्रयास जारी है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक टीआर केहरी, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह ओम प्रकाश गुप्ता सक्रिय रहे।

## सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर के कमरे में जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। इधर हाथियों के डर से घर को छोड़ गांव में परिचित के यहां सो रहे पुत्र को जब घटना की जानकारी लगी तो पुत्र ने बाइक से 5 किमी सफर तय मुख्य मार्ग तक पहुंचा और निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम ग्राम सिलसिला निवासी मनीष कुमार लकड़ा आ. चमरू राम लकड़ा (45 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहा था। जबकि पुत्र सुजीत हाथियों के डर से घर को छोड़ कर गांव में ही परिचित के यहां सोने चला गया था। इस दौरान रात में जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीला सांप डस लिया। सांप के डस लेन की भनक लगते ही मनीष ने अपने पुत्र सुजीत को फोन कर सांप के डस लेने की जानकारी दी। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुत्र ने आनन फानन में पिता को बाइक लगभग 5 किमी सफर तय कर मुख्य मार्ग तक लाया। जहां से बाद निजी वाहन से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। मृतक के परिजन ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों के आतंक के कारण गांव दहशत की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में कई लोग अपने कच्चे मकान को छोड़कर पक्के मकानों में रात गुजारते हैं।

### एनएचएम अंतर्गत विभिन्न पदों पर लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में चिकित्सा अधिकारी पुरुष, फिजियोथेरापिस्ट, डेंटल सर्जन, ऑडियोलॉजिस्ट, ऑप्थैल्मिक, असिस्टेंट, रेडियोग्राफर एवं काउंसलर के पदों पर लिखित परीक्षा उपरान्त उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण, चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी की गई है, जिसकी विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेज परीक्षण 13 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में किया जाएगा।

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आई.एस.एस. हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD,DM ( Neurology )
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS,MD Medicine ( Delhi )
DM ( Gastro ) BHU Varanashi
दर्द एवं जोड़ो के विशेषज्ञ
डॉ. बी. मिंज
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी,प्रोस्टेट,स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दकी
MS General Surgery
MCH Urology & Renal Transplant
Urology, ANDROLOGY,
Avansed Laparosdopic & Kidney Transplant Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ.रितेश रंजन
MBBS,MS MCH ( Mumbai )
Neonatal & Pediatric Surgeon
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन , एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB ( Hyderabad )
FEN ( Jabalpur ), CNETS AIIMS ( Delhi )
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार बहादुरे
MD, Internal Medicine
DM ( Nephrologist )
12 अक्टूबर 2025 माह के दूसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर सोनोग्राफी सुविधा
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ.गिरीश पैंकरा
MBBS, DCH Pediatrics
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (DBS & GYN)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### भव्य श्याम गुणगान के पोस्टर का कैबिनेट मंत्री ने किया विमोचन

**अंबिकापुर।** जिले के उदयपुर में 7 जनवरी 2026 को श्याम बाबा के भव्य गुणगान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है और श्याम गुणगान कार्यक्रम के पोस्टर का शनिवार को प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने विमोचन किया। इस कार्यक्रम के आयोजक श्याम दीवाने भगवाधारी के मनीष बंसल ने बताया कि लगातार चौथे वर्ष यह आयोजन किया जाएगा जिसमें भव्य निशान यात्रा निकली जाएगी एवं पप्पू महाराज जी के पावन सानिध्य में पूजा प्रारंभ की जाएगी। श्याम जगत के ख्याति प्राप्त भजन प्रवाहक रेशमी शर्मा (समस्तीपुर), सुनील डाया नामदेव (हिसार), कर्णिका ग्रोवर (नीमच),संतोष महंत(शक्ति) अपनी मनमोहक वाणी से बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। , आयोजन के दौरान श्याम रसोई और बाबा के खजाना का ड्रॉ भी किया जाएगा जिसमें पुरस्कार में कार, बाइक , स्कूटी , सोने के सिक्के और अनेक पुरस्कार दिए जाएंगे। पोस्टर विमोचन के दौरान रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विजय बंसल, विक्की गुप्ता, मनीष बंसल, दीपक सिंघल, सावन अग्रवाल, गौरव, अंकित, विकास, सत्यम एवं श्याम दिवाने मौजूद थे।

### स्वयं सेवकों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली



**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज रेड रिबन क्लब, रासेयो एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरगवां में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महीधर दुबे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को एड्स होने के कारणों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। रेड रिबन क्लब के स्वयं सेवकों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों और स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्नत भारत अभियान के प्रभारी डॉ.मोहन राव मामडीकर ने छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति सजग रहने की सलाह दी तथा उन्नत भारत अभियान के कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक श्रीमती पूनम दीवान सहित अन्य अध्यापक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### धक्का मुक्की में गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में आए मेहमान द्वारा धक्का मुक्की करने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला के केल्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोकड़ा निवासी रामनरेश आ. स्व. हीरालाल बसोड़ (47 वर्ष) पिछले एक साल से पत्नी अनारकली के साथ बिजुरी के ग्राम लोसरा में किराए के मकान में रहकर भीख मांगकर जीवकोपार्जन कर रहा था। कुछ दिनों पूर्व ही बैकुंठपुर के ग्राम सलका निवासी जुगनू आ. जितेन्द्र बसोड़ ग्राम लोसरा रामनरेश के यहां मेहमानी में गया था। 4 अक्टूबर को किसी बात को लेकर रामनरेश और जुगनू के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान जुगनू ने रामनरेश को धक्का दे दिया, जिससे वह दीवार से टकरा जाने से घायल हो गया। पत्नी अनारकली अपने पति के हाथ में तेल से मालिस कर देती थी, जिससे चोट के स्थान से चमड़ी का परत हटने लगा, लेकिन दर्द से मुक्ति नहीं मिल रही थी। 9 अक्टूबर को पत्नी ने घायल पत्नी को मनेन्द्रगढ़ जिला अस्पताल कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दियाय जहां बीती रात उपचार केक दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### रेडियोलॉजिस्ट है छुट्टी पर, सोनोग्राफी के लिए भटक रहे मरीज

# रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में पर्याप्त जांच के संसाधन उपलब्ध है लेकिन अस्पताल में पर्याप्त रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से अब अस्पताल प्रबंधन रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा है। हालांकि पूर्व में कुछ रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई थी लेकिन रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सकों के छुट्टी पर चले जाने से समस्या बढ़ जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले तीन माह से जहां रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से सोनोग्राफी सहित सीटी स्कैन व एमआरआई की व्यवस्था चरमरा गई है। आलम यह है कि अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने से मरीज समेत परिजन परेशान है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने पहुंचे है लेकिन एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने तथा समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से कई परिजन मरीज का निजी संस्था में ही सोनोग्राफी कराना उचित समझ लौट जाते है।

**खास बात**

- एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे संचालित है सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी व सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए अलग-अलग रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त है परंतु रेडियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने से छुट्टी पर है। रेडियोलॉजिस्ट के तबीयत खराब हो जाने पर इसका सीधा असर न सिर्फ सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई सेवा पर पड़ा बल्कि ऑनलाइन रिपोर्टिंग होने से अब गिनती के मरीजों की जांच हो रही है। जबकि अधिकांश मरीजों को परिजन निजी संस्था में जांच कराने को मजबूर है। इधर अस्पताल प्रबंधन किसी तरह एक रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की व्यवस्था की है लेकिन उस चिकित्सक पर भी सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की जिम्मेदारी होने पर अतिरिक्त भार बढ़ गया है। ऐसे में रेडियोलॉजिस्ट समय निकाल कर सोनोग्राफी करते है। सोनोग्राफी के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट के होने से अब मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने अस्पताल पहुंचे परंतु सोनोग्राफी नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। कई बार तो भीड़ ज्यादा होने से विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है और पुलिस को समझाइश देने आना पड़ता है। इधर कई मरीज के समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से उनका उपचार शुरू नहीं होता जिससे परिजन परेशान है। अस्पताल में जांच उपकरण होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने पर मरीज निजी संस्था में सोनोग्राफी कराने को मजबूर है।



सोनोग्राफी कराने मरीजों की भीड़।

#### दूसरे दिन बाद आता है नम्बर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शहर सहित दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते है। जिसमें से अधिकांश मरीज ऐसे होते है जो केवल सोनोग्राफी कराने ही अस्पताल आते है। लेकिन एक रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से उनकी समय पर जांच नहीं हो पाती। ऐसे में सोनोग्राफी कराने के लिए परिजन को नंबर लगाना पड़ता है। एक दिन में 15 पुरुष एवं 15 महिला मरीजों का ही सोनोग्राफी होता है ऐसे में मरीज का नम्बर दूसरे या तीसरे दिन आता है जिससे अधिकांश मरीज बिना सोनोग्राफी कराए ही वापस लौट जाते है।

#### अनुपयोगी हुए लाखों की मशीन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए संसाधन की कमी नहीं है। लाखो की लागत से सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई है जिसमें से एक पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन शामिल है। हालांकि पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का उपयोग चिकित्सक प्रसव के लिए दाखिल प्रसूता के लिए करते है। एमसीएच में सोनोग्राफी मशीन में से 32 लाख की लागत से सोनोग्राफी मशीन प्रसूताओं की सुविधा के लिए लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है परंतु एक रेडियोलॉजिस्ट होने तथा अन्य रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से अब सोनोग्राफी मशीन अनुपयोगी हो गई है।

#### रेडियोलॉजिस्ट की है कमी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की कमी है। दो रेडियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने से छुट्टी पर है जिससे सोनोग्राफी करने में समस्या हो रही है। एक रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट प्रोफेसर की नियुक्ति हो जाती है तो समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

-डॉ.आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

# रामनगर में निकली भव्य कलशयात्रा श्री शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामनगर/बिश्रामपुर

रामनगर के हाई स्कुल स्टेडियम ग्राउंड में शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की कलश यात्रा निकलने के साथ श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया है,शुक्रवार की दोपहर को काफी संख्या ने भक्तों ने ग्राम रुनियाडीह स्थित शिव मंदिर से नजदीक रेड़ नदी तट से कलश में जल उठाव किया एवं 4 किलोमीटर पैदल यात्रा कर रामनगर के स्टेडियम ग्राउंड में पूजा व कथा स्थल पर कलश स्थापित किया गया है,अगले दिन शनिवार को विधिवत मन्त्र उच्चारण के साथ शिवलिंग की पूजा की गई,गौरतलब है कि दिनांक 10 अक्टूबर शुक्रवार से 19 अक्टूबर तक दस दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्राम रामनगर, रामपुर, सरस्वतीपुर व रुनियाडीह के ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से किया जा रहा है,इसमें सोहागपुर, दतिमा, करंजी समेत आसपास के कई गावों के श्रद्धालु कथा में शामिल हो रहे हैं,श्री शिव महापुराण कथा के श्रवण अनुष्ठान के लिए विशेष रूप से श्रीधाम वृन्दावन के कथावाचक आचार्य विनयकान्त त्रिपाठी का रामनगर में आगमन हूआ है,आज रविवार को शिवनैवेध रुद्राक्ष प्रतिमा,नारद मोह की कथा उच्चारण किया जाना है,इसके पश्चात शिव पार्वती महोत्सव, गणेश जन्मोत्सव, कार्तिकेय चरित्र, हनुमान जन्मोत्सव, धनतेरस महोत्सव कथा सम्पन्न होने के साथ दिनांक 19 अक्टूबर रविवार को हवन पूर्णाहुति के साथ महापुराण कथा का समापन किया जायेगा।



## तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मत्स्य कृषकों को दी गई तकनीकी जानकारी

**सूरजपुर।** शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में विभागीय तीन दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती स्वाति संत सिंह अध्यक्ष जनपद ने की। प्रशिक्षण में अतिथियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में मत्स्य कृषकों को विस्तार पूर्वक बताया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही साथ मछली पालन में नई तकनीकों जैसे पौंड लाइनर, आरएएस, झींगा पालन के बारे में भी जानकारी दिया गया। मछली बीज उत्पादन एवं संवर्धन से संबंधित जानकारी सुधाकर बिसेन, सहायक मत्स्य अधिकारी द्वारा बताई गई। मछली बीज संचयन , परिवहन, एवं प्रबंधन के बारे में निलेश साहू मत्स्य निरीक्षक प्रतापपुर द्वारा कृषकों को जानकारी दी गई। मछलियों में रोगों के कारण और निदान से संबंधित जानकारी सनाजीत घोरोई एरिया सेल्स मैनेजर द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित चयनित 3-3 मत्स्य कृषकों को आइस बॉक्स एवं जाल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम पश्चात कृषकों को प्रगतिशील मत्स्य कृषक नरेंद्र सिंह के निजी मछली फार्म का भ्रमण कराया गया जहां उनके द्वारा पौंड लाईनर में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान यशवंत प्रताप सिंह, रामलाल राजवाड़े, संत सिंह, मनोज सिंह, ओमप्रसाद, गौतम रजवाड़े, कैलाश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विनोद राजवाड़े उपस्थित रहे।



## खबर प्रकाशन के बाद बलियारी जंगल पहुंची पीएचई की टीम, लिया पानी का नमूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीणों की पेयजल समस्या निकट भविष्य में खत्म होने की उम्मीद है। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए गुरूवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम पानी का नमूना एकत्र करने बलियारी जंगल पहुंची। कर्मचारियों ने बताया कि पानी की जांच कराई जाएगी तथा जांच में मिले दोषों को दूर करने आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- हैण्डपंप से दुर्गंधित लाल पानी निकलने से ग्रामीण पी रहे नदी का पानी

सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम तेलाईपाट में पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं होने के कारण लगभग 50 पण्डो परिवार वर्षों से बलियारी जंगल स्थित रेड़िया नदी के किनारे निवासरत है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बस्ती में हैण्डपंप लगाया गया है। पिछले कुछ समय से हैण्डपंप से दुर्गंधित लाल रंग का पानी निकलने के कारण ग्रामीणों ने हैण्डपंप के पानी का उपयोग बंद कर दिया है तथा रेड़िया नदी का गंदा पानी पी रहे हैं। हरिभूमि ने इस संबंध में 8 अक्टूबर के अंक में बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीण रेड़िया नदी का गंदा पानी पीने मजबूर शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी अविनाश मिंज ने हैण्डपंप के पानी का नमूना लेने के लिए गुरूवार को विभाग की तकनीकी टीम को भेजा। टीम के सदस्यों ने हैण्डपंप के पानी का नमूना एकत्र किया तथा ग्रामीणों से भी पानी की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। कर्मचारियों ने पानी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।



## अलग-घटनाओं में दो युवकों ने लगाई फांसी, मौत

**बिश्रामपुर।** दो अलग -अलग घटनाओं में दो युवकों ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम केशवनगर गोंडपारा निवासी 25 वर्षीय रामलाल देवांगन पिता स्व. चंद्रभान देवांगन ने शुक्रवार की शाम अपने घर के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बताया कि रामलाल नशा का आदि था। अत्यधिक नशे की वजह से उसकी दिमागी संतुलन भी बिगड़ा हुआ था। इसी तरह करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बतरा नवापारा निवासी 30 वर्षीय राजू राजवाड़े पिता बेचन राजवाड़े ने शनिवार की दोपहर अपने घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। करंजी पुलिस ने बताया कि युवक की पत्नी लंबे समय से अपने मायके में ही रहती है। सूचना पर दोनों मामले में बिश्रामपुर व करंजी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने अरुण को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल पंप में दिनदहाड़े युवती की चाकू गोदकर हत्या करने के बाद भाग रहे हत्यारे को पकड़ने वाले अरुण सिंह टीचर्स एसोसिएशन ने सम्मानित किया है। अरुण सिंह ने घटना के बाद भाग रहे आरोपी को अपनी जान की परवाह किए बिना पकड़कर पुलिस के हवाले किया जबकि घटना के बाद कुछ लोग मौके पर खड़े होकर वीडियो बनाने में ही व्यस्त थे। शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती की चाकू मारकर हत्या करने के बाद भाग रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। ऐसे में छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक अरुण कुमार सिंह को सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने अरुण सिंह को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान संगठन के काजेश घोष, राकेश दुबे, अमित सोनी, राजेश सिंह, नाजिम खान शामिल रहे।




## करंजी व दतिमा में ग्रामीण परिवारों को दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी और ग्राम पंचायत भवन दतिमा में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया,गौरतलब है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर की अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और डीएलएसए सचिव कु.पायल टोपनो के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी और ग्राम पंचायत भवन दतिमा में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए,कार्यक्रमों की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता विशेष न्यायालय सुरजपुर व फास्ट ट्रैक के अपर जिला सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल थे,न्यायाधीश वारियाल ने बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी,उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन का उपयोग सावधानी से करने और इसे केवल शिक्षा बढ़ाने की सलाह दी,क्योंकि इंटरनेट पर सारी जानकारी उपलब्ध हैं,उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से कृत घटनाओं का उदाहरण देते हुए सोशल मीडिया के उपयोग पर विशेष सावधानी बरतने को कहा,ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेल जैसे अपराधों पर भी जानकारी दी,मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई नाबालिग गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करता है,तो चालक के साथ-साथ गाड़ी मालिक पर भी कार्यवाही होगी,जिसमें जुर्माने और सजा का प्रावधान है,न्यायाधीश वारियाल ने आईटी एक्ट के प्रावधानों की भी जानकारी दी,उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर वे अपने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा देते हैं,तो उनकी ऑनलाइन एक्टिविटी पर विशेष ध्यान दें,उन्हें नोटिस करते रहें,और बीच-बीच में मोबाइल हिस्ट्री चेक कर उनसे बात करें।

उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के प्रावधानों,नालसा की टोल फ्री नंबर 15100 की सेवाएं, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्य,नालसा की मंशा और नवीन योजनाएं,बाल न्यायालय और सामान्य न्यायालय में न्यायालयीन कार्य प्रक्रिया की भी जानकारी दी,इस दौरान करंजी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह,प्राचार्य बीके नंदी,दतिमा की सरपंच,पीएलवी सत्य नारायण और उमेश कुमार राजवाड़े व अन्य उपस्थित रहे।





तन्मय मोटर्स
भारत माता चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर
मो.- 8839213489, 8839543464

## खबर संक्षेप

### सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक सम्मेलन

**अंबिकापुर।** सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, एवं विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि अभिभावक एवं शिक्षक मिलकर ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा तय करते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन और गतिविधियों की सराहना की तथा अपने उपयोगी सुझाव भी साझा किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे सम्मेलन अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का माध्यम है, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और प्रदर्शन दोनों में सुधार होता है।

### हाई स्कूल लैंगा में किया गया छात्राओं को साइकिल वितरण



**लखनपुर।** विकासखंड अंतर्गत स्थित हाई स्कूल लैंगा में शनिवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 26 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी एवं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि दिनेश बारी ने छात्राओं को अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय प्रशासन को शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान सेवानिवृत्त बीईओ सुरेश जायसवाल, जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, शिवराज सिंह, शाला विकास समिति के सदस्य मान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह, स्कूल प्रभारी खगेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### संजय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल कुमार



पाण्डेय ने स्थानीय पर्यवेक्षक संजय कुमार पाण्डेय को पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ का प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया है। संघ में पर्यवेक्षकों की सक्रिय भागीदारी व संगठन की मजबूती के लिए उनकी नियुक्ति की गई है। संजय पाण्डेय शुरू से ही संगठन में विभिन्न दायित्वों को निर्वहन कर रहे है। वे दो बार राजपुर के निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष एवं बलरामपुर जिलाध्यक्ष के रूप में काम कर चुके हैं।

### गुरूवार से ननि कर रहा सड़क किनारे संचालित ठेला-गुमटियों पर कार्रवाई

# तीसरे दिन ननि ने अभियान चलाकर स्कूल रोड से हटाया ठेला-गुमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी दुकानों के बाहर सड़क पर सामानों की नुमाइश लगाने वाले दुकानदारों को अब ननि की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बात**
- सड़क पर सामान फैलाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की तैयारी

ननि कर्मी एक-दो दिन बाद ऐसे दुकानदारों के विरूद्ध अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं। अभियान के तहत ननि अमला दुकानों के बाहर रखे सामानों को जब्त करने के साथ ही व्यवसाइयों पर जुर्माना लगाने की तैयारी में है।

ननि गुरूवार से शहर की सड़कों के किनारे संचालित ठेले, गुमटी को हटाने का अभियान चला रहा है। ऐसे ठेला, गुमटी संचालकों को नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद गुरूवार को चौपाटी के पास संचालित ठेला-गुमटियों को हटाया गया। शुक्रवार को अभियान के तहत ननि अमले ने स्कूल रोड में संचालित ठेले-गुमटियों को हटाया। ननि की कार्रवाई से ठेला-गुमटी संचालकों में हड़कंप मचा रहा। संचालकों ने अपने ठेले-गुमटी को हटाने के लिए कुछ समय देने की गुहार लगाते रहे लेकिन ननि कर्मी नोटिस की मियाद पूरी होने का हवाला देकर पूरे दिन कार्रवाई करते रहे। मार्ग में शेष बचे ठेले-गुमटियों को शनिवार को हटाया जाएगा। शहर की सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से संचालित ठेले-गुमटियों को हटाने के बाद ननि सड़क पर सामानों को फैलाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। दो-तीन दिन के भीतर ननि अभियान चलाकर ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त करने के साथ ही दोबारा ऐसा करने पर जुर्माना वसूलने की तैयारी में है।



कार्रवाई करते ननि कर्मचारी।

**संचालकों को दी जा रही जगह**

अधिकारियों ने बताया कि शहर की सड़कों के किनारे संचालित ठेला-गुमटी संचालकों को पुराने बस स्टैंड एवं मेरिन ड्राइव मार्केट में व्यवसाय संचालित करने की जगह आवंटित की जा रही है। चौपाटी एवं स्कूल रोड से विस्थापित 200 से अधिक व्यवसाइयों को पुराने बस स्टैंड में 60 से अधिक ठेला-गुमटी संचालकों को मेरिन ड्राइव मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में सुभाषनगर स्थित प्रस्तावित थोक सब्जी मंडी एवं बरेज तालाब के पास जगह दी जाएगी।

**व्यवसाई परेशान**

ननि की कार्रवाई से सड़क किनारे व्यवसाय कर अपनी रोजी रोटी चलाने वाले व्यवसायी परेशान हैं। व्यवसाइयों का कहना है कि ऐन दिवाली के पूर्व कार्रवाई कर ननि ने उनका रोजगार छीन लिया है। व्यवसाय बंद होने से उनकी दिवाली फीकी पड़ जाएगी साथ ही परिवार के भरण-पोषण का भी संकट उत्पन्न होगा। ननि दिवाली बाद कार्रवाई करता तो उनकी दिवाली प्रभावित नहीं होती।

**नियमित चलेगा अभियान**

ननि द्वारा विस्थापित ठेला गुमटी संचालकों को पुराने बस स्टैण्ड एवं मेरिन ड्राइव मार्केट में जगह आवंटित की जा रही है। जरूरत पड़ी तो अन्य स्थानों पर भी विस्थापित व्यवसाइयों को शिफ्ट किया जाएगा। अब सड़कों पर अपना सामान फैलाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध नियमित अभियान चलाया जाएगा।

-डीएन कश्यप, आयुक्त, ननि

आयुक्त ने बताया कि सड़को के किनारे ठेला-गुमटी संचालित होने एवं दुकानों का सामान बाहर निकालने से जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे सफाई कार्य में भी बाधा उत्पन्न होती है। ननि अब नियमित अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर नजर रखेगा तथा बीच-बीच में अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करेगा।

# संगठन में युवाओं के साथ बुजुर्गों के अनुभव को दी जाएगी प्राथमिकता : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

झारखंड के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि जो व्यक्ति लोगों की समस्याओं, उनके सुख दुख से सीधे तौर पर जुड़ा है, पार्टी की विचारधारा के साथ मजबूती के साथ खड़ा है वैसे ही नेतृत्व का चयन किया जाएगा। कांग्रेस की ऐसी कमेटी बनेगी जिसमें आम लोगों और कार्यकर्ताओं, एसटी, एससी, ओबीसी, अल्प संख्यक समाज की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आह्वान है कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी के आधार पर जनता की आवाज को बुलंद करने, उन्हें समस्याओं से निजात दिलाने वाले व्यक्ति का नेतृत्व मिले।

- संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत रायशुमारी करने पहुंची चार सदस्यीय टीम

झारखंड राज्य के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष श्री ठाकुर शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री ठाकुर कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष के चयन हेतु छग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, भानुप्रतापपुर की विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन मंत्री अमरजीत चावला के साथ सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत की मौजूदगी में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन किस तरह से मजबूत हो, लोगों से सीधा जुड़ाव हो सके और उनके सुख दुख का साथी बन सके इसी उद्देश्य से अहमदाबाद में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि वर्ष 2025 संगठन सृजन का वर्ष होगा। इसी उद्देश्य से एआईसीसी से पर्यवेक्षक भेजे गए है। इस दौरान कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, आम लोगों से रायशुमारी आकर समझने का प्रयास किया जाएगा कि जिले में संगठन किस तरह से चल रहा है और क्या बदलाव की जरूरत है। श्री ठाकुर ने बताया कि सभी के अनुभव व तजुर्बे का ख्याल करते हुए ब्लॉक के कार्यकर्ता से बातचीत कर संगठन का सृजन किया जाएगा। 50 वर्ष से कम उम्र के प्रावधान पर कहा कि यह जरुर हम लोगों की सोच रहती है कि युवा नेतृत्व हो लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हमारे बुजुर्गों के अनुभव का ख्याल नहीं रखा जाए, उम्र सीमा की बाध्यता नहीं है लेकिन युवाओं को प्राथमिकता देना है। युवाओं के साथ ही एसटी, एससी, ओबीसी और बुजुर्गों सभी को लेकर एक समग्र रायशुमारी से संगठन सृजन होगा। जनता और कार्यकर्ताओं तक यह संदेश जाना जरूरी है कि राहुल गांधी एक अच्छे संगठन का सृजन करना चाहते है और उसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक सभी जिले में रहकर कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने साफतौर पर कहा है कि कुछ जगह लोग प्रायोजित भीड़ लेकर आते है लेकिन ऐसे लोगों की पहचान एक नजर में हो जाती है, जो लोग कांग्रेस के प्रति प्रतिबद्ध है उनकी बातें सुनी जाएंगी। गुटबाजी को लेकर श्री ठाकुर ने कहा कि हरपार्टी में गुटबाजी होती है लेकिन जहां संगठन मजबूत होता है और लोकतंत्र होता है वहां इस तरह की बातें सामने आती है लेकिन उसकी चिंता करने की बात नहीं है। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, शफी अहमद, डॉ. अजय तिर्की, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, भानू प्रताप सिंह, लालचंद यादव, परवेज आलम गांधी, संजीव मंदिलवार सहित अन्य मौजूद थे।




पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व पीसीसी अध्यक्ष।

**कार्यकर्ताओं के पसंद की पड़ताल : सिंहदेव**

पत्रकार वार्ता के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में समस्त जिला संगठन के साथ ही साथ ब्लॉक अध्यक्षों और स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम इस बात की पड़ताल है कि कार्यकर्ताओं की पसंद क्या है। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेतृत्व की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि झारखंड राज्य के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष जैसे कद के व्यक्तित्व को सरगुजा और जशपुर जिले में संगठन सृजन की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन सृजन के माध्यम से सरगुजा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राय पर्यवेक्षक के माध्यम से जल्द ही पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के फैसलों में परिलक्षित होगी। बता दें कि कांग्रेस की चार सदस्यीय टीम 14 अक्टूबर तक जिले का दौरा कर बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगी और उनकी बातों को सुनेगी।

# डीईओ कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिला शिक्षा कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट के बीच नगर वासियों में आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और कार्यालय को यथावत रखने की मांग की। कार्यालय करीब 5 दशकों से रामानुजगंज में संचालित हो रहा है। अविभाजित सरगुजा जिला से अलग होकर शैक्षिक जिला रामानुजगंज के नाम से कार्यालय प्रारंभ हुआ था। प्रतिनिधि मंडल की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। नगरवासियों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर एसडीएम आनंद नेताम और तहसीलदार भी पहुंच बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान नगर वासियों की चिंताओं और विरोध को गंभीरता से सुना गया।

- रामानुजगंज में हो रहा संचालित

सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अजय गुप्ता,अजय सोनी, राम सेवक गुप्ता,जयप्रकाश गुप्ता, शर्मिला गुप्ता और प्रतीक सिंह सहित नागरिक शामिल थे। उन्होंने कहा कि रामानुजगंज जो अविभाजित सरगुजा से अलग होकर शैक्षणिक जिला के रूप में स्थापित हुआ था। यहां वर्षो पुरानी कार्यालय को स्थानांतरित करना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में भी इसकी संचालन व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। उनका तर्क था कि बलरामपुर स्थानांतरण करना केवल अब अव्यावहारिक होगा बल्कि स्थानांतरित करना जनता के हितों की विपरीत जाएगा। प्रतिनिधि मंडल की ओर से शैलेश गुप्ता ने कहा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत होने वाले जिला स्तर के विभिन्न बैठक एवं विभिन्न कार्यक्रम रामानुजगंज में भी आयोजित होने चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव ने कहा कि जिस प्रकार से पूर्वतः व्यवस्था चल रही थी उसी प्रकार से चलेगी। एसडीएम आनंद नेताम ने भी लोगों को आश्वस्त किया की व्यवस्था पूर्वतः रहेगी। जन भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय लग रहा है। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला से अलग होकर 5 दशक पहले शैक्षिक जिला रामानुजगंज का गठन हुआ था ऐसे में यहां से कार्यालय को स्थानांतरित किया जाना विधि सम्मत नहीं होगा।

















